हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



## श्रीराम सेवा समिति ने लोगों को गर्मी से राहत देने प्याऊ घर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

भीषण गर्मी में राह चलते लोगों को ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए शहर की सामाजिक टीम श्रीराम सेवा समिति के द्वारा गुरुद्वारा चौक के हनुमान मंदिर के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। टीम के मुखिया मुकेश जायसवाल ने बताया कि इस गर्मी में आम जनता की सेवा के लिए एवं राह चलते लोगों को ठंडा पानी पिलाने के उद्देश्य से इस प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया है, ताकि इस गर्मी में आम जनमानस को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी रामनवमी के दिन 2 और नए प्याऊ घर का शुभारंभ टीम के द्वारा किया जाएगा। भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना करके प्याऊ घर की शुरूआत की गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि शर्मा, वार्ड 7 के पार्षद शशांक वैष्णव, अजय, मनीष , दुर्गेश, रिकू ,धीरज एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की सभा का किया गया सीधा प्रसारण



मुंगेली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल दाऊपारा में दिखाया गया। द्वितीय पाली में राज्य से प्रदत्त गुगल लिंक के माध्यम से इनॉग्रेशन के कार्यक्रम में शिक्षा एवं विद्यार्थियों सहित प्रोजेक्टर के माध्यम से लाईब्रेरी भवन में सीधा प्रसारण से जुड़कर कार्यक्रम से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएमश्री स्कूल अन्य स्कूलों के लिए एक आदर्श का योगदान अदा करेंगे। इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ. यादव सहित व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, रीना मरावी, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, प्राथमिक प्रधान पाठक अमृता पात्रे, शिक्षक वीर सिंह सिकन्दर, ललिता प्रसाद पाटले, साकेत शुक्ला, डिकेश्वरी श्रीवास, संध्या टंडन, दुर्गेश्वरी सिंह, डुलेश गबेल, नवीन रात्रे, कार्यालय प्रभारी लिपिक बंशीलाल कुम्हार मौजूद रहे।


**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र.............ब-121, 2025
क्रमांक/557/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/ पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन पकलू आ0 श्री सुखरू के मृत्यु दिनांक 5.01.1966 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र...............ब-121, 2025
क्रमांक/552/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/ भाई/ बहन बड़े चाचा अकतराम आ0 श्री पकलू के मृत्यु दिनांक 02.05.1975 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र.....................ब-121, 2025
क्रमांक/556/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/ पुत्र/दादा/दादी/ भाई/ बहन सुखरू आ0 श्री हटोई के मृत्यु दिनांक 09.03.1977 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र....................ब-121, 2025
क्रमांक/555/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/ भाई/ बहन चाचा गोपाल आ0 श्री पकलू के मृत्यु दिनांक 03.05.1972 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र...............ब-121, 2025
क्रमांक/558/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/ आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/ दादा/ दादी/भाई/ बहन 1. भरत आ0 श्री रतन सिंह के मृत्यु दिनांक 14.11.1953 एवं 2. शत्रुहन आ0 श्री रतन सिंह के मृत्यु दिनांक 05.06.1950 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र...............ब-121, 2025
क्रमांक/559/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/ पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/ दादा/दादी/ भाई/बहन बड़े पिता 1. अवध आ0 श्री पकलू के मृत्यु दिनांक 07.09.1966 एवं 2. रतन सिंह आ0 श्री पकलू के मृत्यु दिनांक 07.07.1958 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
(समाचार पत्र में प्रकाशन)
रा.प्र.क्र.....................ब-121, 2025
क्रमांक/524/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 21.3.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम बिजराकापाकला को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पति/पिता श्री नेतराम जाति गोड़ साकिन बिजराकापाकला तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/ पुत्र/दादा/दादी/ भाई/बहन बड़ी मां तिजमत बाई आ0 श्री रतन सिंह के मृत्यु दिनांक 17.12.1960 ग्राम बिजराकापाकला को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 04.4.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
अजय तिवारी ..........आवेदक//विरूद्ध//
विभाष तिवारी व अन्य ..........अनावेदकगण
**नोटिस/समंस**
प्रोसेस क्रमांक 361/25, उत्त.प्र.पत्र आ.क. 20/2025
आदेश दिनॉक 13/03/2025, पेशी दिनॉक 21/04/2025
इस न्यायालय में आवेदक अजय तिवारी पिता स्व. श्री सहदेव प्रसाद तिवारी ने आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाने का आवेदन पेश किया है, जिसकी पेशी दिनॉक 21/04/2025 को नियत है। अतः आम जनता (जो संबंधित हो) को कोई आपत्ति हो तो आप इस समाचार पत्र प्रकाशन के द्वारा सूचना/नोटिस/ समंस प्रेषित किया जा रहा है कि पेशी दिनॉक 21/04/2025 को हस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं, आप न्यायालय के समक्ष स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक, अनुदेश दिए गए हों और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाती के लिए दिनॉक 21/04/2025 नियत किया गया है वह इस आवेदन के अंतिम निपटारे के लिए अंतिम दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। यदि नियत दिनॉक 21/04/2025 को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को कार्यवाही की जावेगी। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। अतः आज दिनॉक 26/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया। दिनॉक 26/03/2025, बिलासपुर (छ.ग.)
न्यायालय (विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर छ.ग.
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)




30 MARCH- BSP-PG-3-0_Layout 1 3/31/2025 12:21 AM Page 1



तापमान

अधिकतम 38.8 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री



तापमान बढ़ते ही शहर की सड़कें हुईं सूनी।

## खबर संक्षेप

### दिखा चांद, ईद मनाई जाएगी आज ईदगाह में नमाज अता की जाएगी

बिलासपुर। रविवार को ईद का चांद नजर आया, जिसके साथ अब सोमवार को ईद का त्यौहार से मनाया जाएगा। रमजान के रोजे पूरे होने के बाद रविवार को लोगों ने बेसब्री से ईद के चांद का इंतजार किया। आखिरकार सोमवार की शाम 6 बजे दीदार ए चांद नजर आया। रमजान का पाक माह पूरा होने के बाद इस्लामिक कैलेंडर के शव्वाल महीने के पहले ईद मनाई जाती है। मुस्लिम समुदाय इस पाक माह में रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। ईद से एक दिन पहले रविवार को रोजदारों सहित अन्य लोगों ने अलविदा की नमाज पढ़ी। सोमवार को ईद का त्यौहार मनाने के लिए बच्चों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर ईदगाह में सुबह ईद की नमाज अता करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देंगे।

### तैय्यब ने रोजा रख मांगी अमन चैन की दुआ



बिलासपुर। आशियाना कालोनी तिफरा निवासी 8 साल के मो. तैय्यब मेमन ने 29 दिन का रोजा रखकर मिसाल पेश की। तैय्यब ने बताया कि उन्होंने घर व परिवार के बड़े बुजुर्गों से प्रेरित होकर 29 दिन तक रोजा रख परिवार व देश की खुशहाली की कामना करते हुए अमन चैन की दुआ मांगी।

### नि:शुल्क हिंदी व अंग्रेजी कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण शिविर कल से

बिलासपुर। अभा वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क हिंदी व अंग्रेजी कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण एंड करियर गाइडेंस शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से किया जा रहा है। जिसमे 16 वर्ष से अधिक छात्र-छात्राओ एवं युवक-युवतियों को कंप्यूटर टाइपिंग प्रशिक्षण हिंदी एव अंग्रेजी में दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 8 बजे रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का है। प्रशिक्षण शिविर करियर मार्गदर्शन शिविर, रौनित कंप्यूटर, ओम विद्या मंदिर स्कूल के पास करबला रोड जूना स्थित कंप्यूटर सेंटर में रखा गया है। प्रशिक्षण नि:शुल्क है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

### यादव समाज करेगा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान 2 को

बिलासपुर। यादव समाज द्वारा 2 अप्रैल को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधयों का सम्मान समारोह तिफरा स्थित झुलेलाल मंगलम में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, उप सरपंच के अलावा पंचों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई विधायक बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र यादव होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भूल भौरा लोक कला मंच चंदन यादव के टीम द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अमित यादव,अनिल यादव, गौरीशंकर यादव, ईश्वर यादव,राजकुमार यादव, राकेश यादव ,हेमंत यादव, नंद किशोर यादव, कमल यादव, संजय यादव, धनंजय यादव सुकुमार यादव , सहित अन्य शामिल है।

### 7 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 14 अप्रैल से



बिलासपुर। नेहरू चौक स्थित वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान में 7 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन 14 अप्रैल से किया जाएगा। संस्थान के संचालक डा. मनोज चौकसे ने बताया कि इस 7 दिवसीय शिविर का समापन 20 अप्रैल को होगा। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक रहेगा। इसमें डा. मनोहर जी टेकचंदानी सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डा. किरण वर्मा, एम डी शिशु रोग विशेषज्ञ डा. विमल शर्मा अपनी सेवाएं देंगी। डा. चौकसे ने बताया कि हमारे यहां 12 साल से निरंतर आयुर्वेद पंचकर्म एवं क्षारसूत्र चिकित्सा सेवा लगातार जारी है। यहां बच्चों व महिलाओं के सभी रोगों, वात रोग, लकवा, संधिवात, सायटिका, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मधुमेह, उच्च एवं निम्न रक्तचाप, पाइल्स रोग, फिशर, फिस्टुला आदि की जांच एवं चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सों द्वारा की जाती है। डा. चौकसे ने बताया कि इससे पहले भी हमारी संस्थान द्वारा समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर लोगों की चिकित्सा की गई है, जिसका हमे अच्छा प्रतिसाद मिला।

### ब्लैक होल डी इंडिका व्यंग्य उपन्यास का विमोचन आज

बिलासपुर। प्रयास प्रकाशन द्वारा प्रख्यात व्यंग्यकार गजेन्द्र तिवारी कृत व्यंग्य उपन्यास ब्लैक होल डी इंडिका पर विविधतापूर्ण समकालीन समीक्षात्मक अध्ययन ग्रंथ का विमोचन रविवार 31 मार्च को दोपहर तीन बजे शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में एयू के कुलपति आचार्य दिवाकर नाथ वाजपेयी, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी एवं जेपी वर्मा कालेज के प्राचार्य डॉ. श्यामलाल निराला उपस्थित रहेंगे।

### लेनदेन के विवाद पर पुलिस लाइन में ड्राइवर से मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। लेनदेन के विवाद पर पुलिस लाइन में प्राइवेट ड्राइवर के साथ दूसरे ड्राइवर ने जमकर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन में चलने वाली प्राइवेट गाड़ी के ड्रावइर संतोष पटेल पिता दुर्गा प्रसाद पटेल ने 2024 में रतनपुर निवासी प्राइवेट ड्राइवर रिंकू ठाकुर को 4 हजार रुपए उधार दिया था। पैसा वापस मांगने पर वह टालमटोल कर रहा था। 29 मार्च को संतोष पटेल काम से लौटकर अपनी गाड़ी छोड़ने पुलिस लाइन के एमटी शाखा पहुंचा, जहां पहले से ही रिंकू ठाकुर मौजूद था। पीड़ित ने अपना पैसा मांगा तो रिंकू ठाकुर पैसा वापस नहीं करूंगा कहते हुए गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने संतोष पटेल की रिपोर्ट पर रिंकू ठाकुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

भ्रमण के लिए जाने वाले सैलानियों की उमड़ रही भीड़

कानन पेण्डारी जू में गेट मनी से 94870 रुपए का मिला राजस्व

## गर्मी में ठंडक दे रहे कानन पेंडारी के पेड़, पिकनिक का ले रहे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप में कानन पेण्डारी जू में लगे वृक्ष लोगों को ठंडक प्रदान कर रहे हैं। छुट्टी होने के कारण कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

मार्च के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण जहां लोगों के घर, दफ्तर, दुकानों में कूलर, एसी, पंखे चालू हो गए हैं। वहीं सड़क पर चलने वाले ज्यादातर लोग पेड़ों की छांव के लिए तरस रहे हैं। शहर के चौक-चौराहों और सड़क के किनारे लगे पेड़ों की कटाई होने से लोगों को छांव नहीं मिल पा रही है। विशेषकर छुट्टी के दिनों में लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। पेड़ों की छांव लेने के लिए लोगों को अब जंगल की ओर रूख करना पड़ रहा है।

इसी तरह कानन पेण्डारी में भी छुट्टी के दिनों में सैलानियों की भीड़ बढ़नी शुरु हो गई है। कानन पेण्डारी जू में हरे-भरे वृक्षों के साथ शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को देखने के लिए शहर के साथ आसपास से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण कानन पेण्डारी जू में पिकनिक मनाने और भ्रमण करने वालों की भीड़ भी बढ़ है। प्रबंधन के अनुसार शनिवार को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कानन का गेट ओपन और क्लोज होने के दौरान 3 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे थे।

वहीं रविवार की सुबह से कानन पेण्डारी में आने वाले सैलानियों की संख्या में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई है। सुबह से शाम 5 बजे तक कानन पेण्डारी में भ्रमण करने वालों की संख्या 4876 थी, जिसमें बड़े 4611 और बच्चे 265 थे। इन सैलानियों की भीड़ सबसे अधिक गार्डन में रही, जो पेड़ की छांव में अपने परिवार के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाते रहे। सैलानियों की संख्या के अनुसार कानन पेण्डारी जू में गेट मनी से 94870 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

चैत्र नवरात्रि पर रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए शुरु की है सुविधा

## डोंगरगढ़ स्टापेज 10 ट्रेनों में, यात्रियों को नहीं मिल रही कन्फर्म टिकिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चैत्र नवरात्रि शुरु होने के साथ ही पहले ही दिन से डोंगरगढ़ में मां बम्बलेश्वरी के दर्शन करने के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। इन श्रद्धालुओं ने लिए रेल प्रशासन ने हावड़ा-मुम्बई मार्ग पर चलने वाली 10 ट्रेनों के स्टापेज की सुविधा डोंगरगढ़ में दी है, जिसमें यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है।

चैत्र नवरात्रि मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेले का आयोजन रविवार से शुरु हो गया है। डोंगरगढ़ में मां बम्बलेश्वरी का दर्शन और मेले में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में बिलासपुर के अलावा रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा और अन्य जिलों से श्रद्धालुओं की भीड़ जाती है। ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने के कारण ज्यादातर लोग निजी वाहन से रवाना हो जाते हैं। इस नवरात्रि पर मेला जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेन और कुछ ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक करने का आदेश दिया है। इन ट्रेनों में 68742/68741 गोंदिया-दुर्ग और दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक, 68729/68730 रायपुर-डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू पैसेंजर को रेस्टोरेशन कर गाड़ी को गोंदिया तक विस्तार किया गया है। 08709/08710 डोंगरगढ़-दुर्ग और दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल और 08701/08702 दुर्ग-रायपुर और रायपुर से दुर्ग के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। वहीं 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 5.40 से 5.42 बजे तक, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5.40 से 5.42 बजे तक, 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक, 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.33 से 10.35 बजे तक, 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.36 से 14.38 बजे तक, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 12.05 से 12.07 बजे तक, 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18.30 से 18.32 बजे तक, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.46 से 10.48 बजे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में स्टापेज दी जा रही है। वहीं डोंगरगढ़ जाने वाले यात्रियों को आरामदायक सफर की सुविधा देने के लिए 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस में 28 मार्च से 6 अप्रैल तक, 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस में 28 मार्च से 6 अप्रैल तक, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 29 मार्च से 7 अप्रैल तक और 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक अतिरिक्त कोच की सुविधा शुरु कर दी है। डोंगरगढ़ में शुरु की गई ट्रेन स्टापेज में बिलासपुर के यात्री स्लीपर और एसी कोच में जाना शुरु हो गए हैं, लेकिन उन्हें कंफर्म के स्थान पर वेटिंग टिकिट मिल रहे हैं।



प्लेटफार्म पर सीट के लिए यात्रियों में मची अफरा-तफरी।



### सिम्स के खाने में मिला कॉकरोच प्रबंधन ने कराया पेस्ट कंट्रोल

बिलासपुर। सिम्स में खाना बांटने के दौरान मिले कॉकरोच को लेकर प्रबंधन एक्शन के मूड में आ चुका है और सभी वार्डों में पेस्ट कंट्रोल जारी की गई है।शनिवार को खाना बांटने के दौरान थाली व कंटेनर में कॉकरोच मिलने की घटना के बाद सिम्स प्रबंधन ने सबक लेते हुए पूरे वार्ड में पेस्ट कंट्रोल शुरू कर दिया है। रविवार को सभी वार्डों में कर्मचारियों के द्वारा पेस्ट कंट्रोल किया गया। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से लगातार पेस्ट कंट्रोल किया जा रहा है। इसके बावजूद सिम्स के कुछ हिस्से में कॉकरोच मिले। इसके बाद प्रबंधन के भी कान खड़े हो चुके हैं। जानकारों के अनुसार पेस्ट कंट्रोल दो से तीन महीने में कराया ही जाता है लेकिन सिम्स में मरीज के द्वारा फेंके गए खाने और पैकेट में कॉकरोच पाए गए। जिसके कारण सिम्स में पेस्ट कंट्रोल किया जा रहा है। वही कर्मचारियों का कहना है कि मौजूदा वार्ड में कई जगहों पर अतिरिक्त सामान्य रखी गई है जिसमें कॉकरोच के छुपे रहने पर दोबारा यह वार्डों में दिखाई देने लगते हैं। प्रबंधन अगले तीन-चार दिनों में प्रेस कंट्रोल की प्रक्रिया पूरी होने की बात कह रहा है।

**वीडियो हो चुका है वायरल**

खाने में कॉकरोच मिलने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मरीज वह परिजनों के द्वारा उनके थाली और बांटने वाले कंटेनर में कॉकरोच दिखाई दे रहा है। प्रबंध नहीं इसी वीडियो को देखने के बाद पेस्ट कंट्रोलिंग कराई है।

## दाल बेचने का झांसा देकर व्यापारी से 14 लाख 25 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दाल बेचने का झांसा देकर एक व्यापारी से 14 लाख 25 हजार रुपए की ठगी कर लिया गया है। पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, खपरगंज निवासी युसूफ अली पिता शौकत अली 34 साल सिरगिट्टी क्षेत्र में दाल मील चलाते हैं। उनका परिचय मुंबई के एसएम ट्रेडर्स एवं त्रिवेणी इंटरप्राइजेस के संचालक सुरेन्द्र मिश्रा से हुआ जो दलहन कमीशन एजेंट था। 18 सितंबर 2023 से उन्होंने उनके साथ लगातार व्यवसायिक लेनदेन किया। एजेंट ने पीड़ित को प्रिया कार्पोरेशन किशोरीलाल, ओम प्रकाश, त्रिवेणी इंटरप्राइजेस, लक्ष्मी एग्रो एवं अन्य पार्टियों से माल दिलवाया। 10 अक्टूबर 2023 को त्रिवेणी इंटरप्राइजेस के बिल नम्बर 360 से प्राप्त माल के पसंद आने पर उन्होंने पुनः 13 फरवरी 2024 को सौदा कर एडवांस के तौर पर आरटीजीएस के माध्यम से 4 लाख 50 हजार व लक्ष्मी एग्रो से सुरेन्द्र मिश्रा के माध्यम से अच्छे माल की राशि अदा की थी, लेकिन, उन्होंने दाल की जगह पशु आहार का खराब माल भेज दिया। श्री अली ने जब शिकायत की तो यही माल खपाने की बात कही गई। साथ ही अंतर की राशि 5 लाख 75 हजार व एडवांस राशि 2 लाख रुपए वापस करने का वादा किया गया। लगातार बोलने के बाद भी उन्होंने न तो पैसा वापस किया गया और न ही दाल दिया। पुलिस ने यूसुफ अली की रिपोर्ट पर एसएम ट्रेडर्स के संचालक सुरेन्द्र मिश्रा एवं त्रिवेणी इंटरप्राइजेस के संचालक के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।



■ जांच में जुटी पुलिस

### पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, ईंट से हमला

बिलासपुर। पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर ईंट से हमला कर जख्मी कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह निवासी अभिषेक कश्यप पिता शिव कुमार कश्यप 29 मार्च को अपने दोस्त कुश कश्यप के साथ शनिचरी गए थे। काम निपटाने के बाद दोनों लौट रहे थे। शनिचारी रपटा बंधु काम्प्लेक्स के पास शैलू कश्यप, राज कश्यप, छोटे कश्यप उन्हें देखकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। कुश कश्यप ने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर जख्मी कर दिया। घायल कुश कश्यप को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अभिषेक की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

## लखनीदेवी मंदिर रोड पर दो युवकों से लूट की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लखनीदेवी मंदिर रोड में तीन युवकों ने रास्ता रोककर अलग अलग दो युवकों से मारपीट कर लूटने की कोशिश की गई, जिससे हड़कंप मच गया है। पुलिस लूट की कोशिश करने वाले युवकों को नहीं पकड़ पाई है।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबाभांवर निवासी यदन पोर्ते पिता बलराम पोर्ते वर्तमान में सीपत में अपने पिता के साथ रहकर कक्षा बारहवीं की पढ़ाई कर रहा है। 29 मार्च को वह अपनी बाइक से कोटा मौसी के यहां जा रहा था। दोपहर 2 बजे रतनपुर लखनीदेवी मंदिर के पास कच्ची रास्ता में तीन युवकों ने उन्हें जबरदस्ती रोक लिया। गाली गलौज करते हुए जो भी रखे दो कहने लगे। नहीं दूंगा बोलने पर युवकों ने लोहे की राड से हमला कर दिया, जिससे वह बाइक लेकर भाग निकला। भागते समय उसका मोबाइल मौके पर गिर गया है। इसी तरह कोरबाभांवर के परमेश्वर जगत पिता स्व. संतराम जगत के साथ भी उक्त युवकों ने लूट की नीयत से मारपीट की है। दो युवकों से लूट की कोशिश की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

ज्ञात हो कि नवरात्र में बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु देवी दर्शन व पूजा अर्चना करने रतनपुर पहुंच रहे हैं। ऐसे में वे भी लुट के शिकार हो सकते हैं। पुलिस ने यमन पोर्ते की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 127, 1, 296, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

बिलासपुर। गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में 28 मार्च को डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग राज्य स्तरीय रात्रि कालीन टेनिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे सीजन का रंगारंग उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, मुख्यमंत्री के सलाहकार डा. वीरेन्द्र तिवारी, जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सिंह, अशोक विधानी, पार्षद रंगा नादम मौजूद थे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल ने कहा कि मैं लगातार 3 वर्षों से इस प्रतियोगिता में आ रहा हूं। हर वर्ष यह प्रतियोगिता एक ऊंचे आयाम की ओर बढ़ रहा है, ऐसी प्रतियोगिता हमेशा होती रहनी चाहिए। जिससे सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का मानसिक एवं शारीरिक रूप से तंदुरुस्त रह सके। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महापौर पूजा विधानी ने कहा कि यह आयोजन बहुत ही अच्छा है।

यात्री ट्रेनों को रोककर चलाई गई मालगाड़ियां

## रेलवे ने बनाया 250 मीट्रिक टन लोडिंग का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन ने पहली बार 250 मिलियन टन के लोडिंग का रिकार्ड बनाया है, जिसके लिए रेलवे ने अधोसंरचना के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द करते हुए केवल मालगाड़ियों का परिचालन करते हुए लाखों यात्रियों को परेशान किया है।

बिलासपुर जोन में यात्री गाड़ियों से अधिक अब केवल मालगाड़ियों को यात्री देखते हैं। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर मालगाड़ी को स्टापेज देने के कारण यात्री गाड़ियों को स्टापेज देना बंद कर दिया गया है, जिसके कारण यात्री परेशान हो रहे हैं। यात्रियों से गुलजार रहने वाला प्लेटफार्म नम्बर एक वर्तमान में सुनसान हो गया है। इसका कारण है कि रेलवे को यात्री गाड़ियों और यात्रियों की अपेक्षा मालगाड़ियों में लोडिंग से अधिक राजस्व प्राप्त होता है। इसके लिए रेलवे अधोसंरचना के नाम पर यात्री गाड़ियों को रद्द करते हुए केवल मालगाड़ियों का परिचालन करती है। प्रतिवर्ष यात्री परिवहन से अधिक माल लदान का टारगेट रेल प्रशासन को मिलता है, जिसे पूरा करने के लिए रेलवे अफसर चार से पांच मालगाड़ियों के वैगन को मिलाकर लांग हॉल ट्रेन का परिचालन करते हैं। इसकी वजह से यात्री गाड़ियों के परिचालन पर असर पड़ता है और हजारों यात्री परेशान भी होते हैं। इसी तरह रेल प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2025 में भी माल लोडिंग में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन यात्रा को जारी रखते हुए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पहली बार दपूमरे ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तीन दिन पहले 250 मिलियन टन माल लोडिंग का आंकड़ा पार कर लिया है, जो मील का पत्थर है।

## एवीएम सैनिक स्कूल में कार्यशाला

बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण व अभिभावकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए एम्पावर कंसल्टेंसी एंड सेंटर फॉर स्पेशल एजुकेशन की निदेशक व स्पीक मैके की राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य ममता बालासुब्रमण्यम जामनगर (गुजरात) से तथा सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन व फ्रीलांस टीचर ट्रेनर शिवानी आचार्य (गुजरात) रहीं।

यह प्रशिक्षण शिक्षा के साथ साथ बाल मनोविज्ञान पर भी केंद्रित था । जहां प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु था बच्चों को समझना। प्रशिक्षण के पहले दिन कक्षा कक्ष की परिस्थितियां, शिक्षक शिक्षार्थी संचार, संचार में आने वाली रुकावटें, रुकावटों की पहचान, छात्रों पर उसका प्रभाव और त्रुटियों का समाधान आदि विषयों पर वर्कशॉप किया गया । प्रशिक्षकों ने बताया कि किस तरह कक्षा में शिक्षकों का व्यवहार विद्यार्थियों को प्रभावित करता है और जाने अनजाने में कही गई बातें विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं, जिससे विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया में रुकावट आ जाती है। दूसरा दिन विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों पर आधारित था । इसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों से संबंधित समस्याओं पर प्रशिक्षकों से चर्चा की। कार्यशाला में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव और डायरेक्टर एसके जनस्वामी ने स्मृति चिह्न के साथ ममता बालासुब्रमण्यम और शिवानी आचार्य को धन्यवाद दिया । विद्यालय के प्रिंसिपल जीआर मधुलिका ने धन्यवाद दिया।



## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने उपचार कर घायल मवेशी की बचाई जान



**लोरमी।** ग्राम खपरिकला के लोगों ने 29 मार्च को एक गौवंश को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में दिखा, गौवंश के शरीर के अलग-अलग हिस्से पर गंभीर चोट के निशान थे। लोगों ने मानवता का परिचय देते गौवंश का पशु चिकित्सक से उपचार कराकर उसकी जान बचाई। मिली जानकारी अनुसार ग्रामीणों ने घायल गौवंश को बांधकर इसके भोजन की व्यस्था की एवं उपचार के लिए स्थानीय पशु चिकित्सक को सूचित कर इसका प्राथमिक उपचार कराया।

### विधायक धर्मजीत की अनुशंसा पर 50 लाख के विकास कार्य स्वीकृत



**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 50 लाख रूपए के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में इन कार्यों को पूर्व में हो जाना था, लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जनसुविधाओं को लेकर विशेष रूप से सजग है। आमजनों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो क्षेत्र में विभिन्न कार्यों को लेकर पहुंचने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो इन सभी बातों पर ध्यान देकर व्यवस्थित योजना बनाकर काम किया जा रहा है। ग्राम पंचायत लमेर में 5 लाख रुपए का रोड निर्माण, ग्राम पंचायत खरगहना में 5 लाख रुपए की सीसी रोड, ग्राम पंचायत लोखंडी में 5 लाख रुपए की सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत घुटकू में 5 लाख रुपए की सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत चनाडोंगरी में 6 लाख रुपए का अहाता निर्माण, ग्राम पंचायत लमेर में 6 लाख रुपए का अहाता निर्माण शासकीय प्राथमिक शाला बोईरहापारा, ग्राम पंचायत भीमपुरी सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत घोघरा चोरहा सिंघनपुरी सीसी रोड निर्माण एवं ग्राम पंचायत सल्हिया में 8 लाख रुपए का सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों के पूरा हो जाने से गांवों के मुलभूत सुविधाओं में विस्तार होगा।

### अग्रसेन कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में 28 मार्च शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सुबह 11.30 बजे किया गया। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को नवीन शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रम संरचना से अवगत कराना रहा। कार्यशाला में बीए, बीकॉम एवं बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो रूपेन्द्र साहू ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं एनईपी के नोडल अधिकारी डॉ दिलदार सिंह टंडन ने छात्रों को एनईपी 2020 के प्रमुख घटकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने क्रेडिट सिस्टम और मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल व सुलभ तरीके से समझाते हुए छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# हिंदू नववर्ष पर निकली ऐतिहासिक शोभायात्रा, लोगों ने किया भव्य स्वागत



**सीपत।** हिंदू नववर्ष पर सम्राट विक्रमादित्य हिंदू नववर्ष समिति एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा रविवार को रामलला व छत्रपति शिवाजी जी की मनोरम झांकी के साथ ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा की शुरुआत धनिया के राम जानकी मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई, जो खांडा हिंडाडीह गुड़ी सीपत होते हुए दर्राभांठा पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना व महाआरती के बाद समाप्त हुई। हिन्दू नववर्ष के स्वागत के लिए युवाओं ने पूरे क्षेत्र को पूरा भगवामय बना दिया। इस ऐतिहासिक शोभायात्रा की जगह जगह सराहना हो रही है। जैसे जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ती गई वैसे वैसे लोगों का उत्साह भी बढ़ता गया और लोग भी जुड़ते चले गए। शोभा यात्रा में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नवाडीह चौक के हनुमान मंदिर में महाआरती के बाद प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाया चेट्रीचंड महोत्सव



**तखतपुर।** चेट्रीचंड महोत्सव पर रविवार को सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल सांई के जन्मोत्सव को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात बाहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली गई, जिसका विभिन्न समाज और संगठनों ने स्वागत किया। सुबह प्रभात फेरी निकाली गई एवं इसके बाद झूलेलाल मंदिर में आरती के पश्चात युवाओं द्वारा बाइक रैली निकाल कर पुराने बस स्टैंड में शरबत वितरण किया गया। दोपहर में बाहराणा साहब की पूजा-अर्चना की शुरुआत कन्हैया संतानी, करमचंद टेकवानी, मुरली रमानी, किशन सचदेव, अध्यक्ष राकेश मंदानी ने दीप प्रज्जवलित कर की। शाम 5 बजे बाहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। शोभायात्रा का स्वागत भाजपा, सिक्ख समाज, पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, आतमजीत मक्कड़, नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, बिहारी देवांगन एवं व्यापारी संघ के द्वारा स्वागत कर पूजा अर्चना का साथ किया गया। इस अवसर पर बधाई देने जितेंद्र पाण्डेय, मुन्ना श्रीवास, बिहारी देवांगन, अजय देवांगन, जितेंद्र शुक्ला, बृजपाल सिंह हूरा, कुलवंत सिंह हूरा, डाजी हूरा, सुनील जांगडे, हरविंदर हूरा, बबलू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से रोज लगता है जाम

# मनियारी पुल पर हुआ डामरीकरण पर चौड़ीकरण की बढ़ने लगी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

- संकरा पुल होने से बढ़ गई है दुर्घटना की संभावना

बरेला-तखतपुर को जोड़ने वाले पुराने, जर्जर मनियारी पुल को आखिर कब तक लीपापोती कर चमकाया जाएगा। हाईकोर्ट के संज्ञान में आने के बाद एक बार फिर से डामरीकरण कर दिया गया है, लेकिन अब इससे लोगों की समस्या कम नहीं होने वाली है। अब मनियारी पुल की चौड़ाई बढ़ाने की जरूरत है। पहले ट्रैफिक कम होने के कारण संकरे पुल से काम चल जाता था, लेकिन अब इस पुल पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है, इसलिए क्षेत्र के ग्रामीण पुल की चौड़ाई बढ़ाने की मांग करने लगे हैं।

तखतपुर में बिलासपुर एवं मुंगेली को जोड़ने वाले मनियारी पुल का निर्माण ब्रिटिश काल में करीब सौ साल पहले हुआ था। वर्तमान में पुल की हालत खराब है। संकरे पुल में एक ओर से एक ही बड़ी गाड़ी पार होती है इसके कारण कई बार दुर्घटना तक हो चुकी है। पुल के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है इसके बाद भी अधिकारी इसे लेकर गंभीर नहीं है। सबसे व्यस्ततम पुल मनियारी नदी में होने के बाद लोगों की आवाजाही के लिए पर्याप्त सुरक्षा नहीं की गई है। वर्षों से पुल में जो रेलिंग लगी है, आज भी वही है और जर्जर है। यह पर्याप्त नहीं है। इस पुल पर पर्याप्त ऊंचाई के साथ रेलिंग की जरूरत है जबकि वर्षों से सुरक्षा के नाम पर कम ऊंचाई की रेलिंग लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। इसके कारण आने जाने वाले लोगों के लिए खतरे की स्थिति बनी रहती है। बतादें कि इस पुल के एक ओर तखतपुर और दूसरी ओर बरेला पंचायत है। बरेला सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग तखतपुर में खरीदारी करने सहित अन्य कई कार्यों से आते जाते हैं, इस कारण से इस पुल पर ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। पुल संकरा होने के कारण एक बार में एक ही भारी वाहन गुजरता है, जिससे यहां हर समय जाम की स्थिति बनती रहती है।




मनियारी पुल पर डामरीकरण के बाद चलते वाहन, इनसेट में हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

#### आए दिन होते हैं हादसे

बरेला बिजली ऑफिस के सामने से बायपास सड़क है, जो सीधे बेलसरी मुख्य मार्ग में निकलती है। लेकिन हाइवा, ट्रेलर सहित अन्य भारी वाहन बरेला पुल से होकर गुजरते हैं जिनके कारण आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हो जाती है। जानकारी के अनुसार विगत वर्ष कन्या शाला में पढ़ने वाली एक छात्रा पुल के उपर भारी वाहन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई थी। बरेला से तखतपुर के लिए संकीर्ण मनियारी पुल से पानी की पाइप गुजरती है। आए दिन पाइप फूटने की वजह से पुल के ऊपर तालाब की तरह पानी भर जाता है।

#### हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

हरिभूमि ने जर्जर पुल पर मौत बनकर दौड़ रहे भारी वाहन शीर्षक से खबर से प्रकाशित की थी। उक्त खबर के प्रकाशित होते ही हाईकोर्ट ने जर्जर पुल के कारण लोगों को हो रही परेशानियों पर संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर इस पर सुनवाई की। हरिभूमि ने 29 मार्च को जर्जर पुल का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान नामक शीर्षक से एक बार फिर खबर प्रकाशित की। खबर लगते ही प्रशासन तत्काल हरकत में आया एवं आनन-फानन में सड़क का डामरीकरण किया गया।

#### कराई गई मरम्मत

एनएच विभाग के सब इंजीनियर नरेंद्र खांडे ने मौके पर मौजूद रहकर मरम्मत कार्य कराया। उन्होंने बताया कि बरेला बिजली ऑफिस से मनियारी पुल तक सभी गड्ढों को डामरीकरण कर भरा गया है। इसी क्रम में निर्देशानुसार पुल के दोनों तरफ के गड्ढों का समतलीकरण किया गया।पेट्रोल पंप के पास सड़क पर बने गड्ढे को डामरीकरण कर भरा गया एवं मनियारी पुल पर बने जानलेवा गड्ढों में भी मटैरियल भरकर डामरीकरण कर समतल किया गया।



स्कूल के नलकूप में लगा पंप।

## स्कूल के नलकूप में पंप लगाकर किसान ने की खेत की सिंचाई

**लोरमी।** ग्राम लगरा स्थित शासकीय शाला के प्राचार्य ने स्कूल परिसर के नलकूप में अवैध रूप से सबमर्सिबल पंप लगाकर गांव के किसान द्वारा अपने खेत की सिंचाई करने की शिकायत की है। मिली जानकारी के अनुसार पेयजल की समस्या के कारण स्कूली विद्यार्थियों के लिए नए नलकूप का खनन कराया गया था, जिस पर गांव के एक किसान द्वारा अवैध रूप से मोटर पम्प लगाकर अपने खेत की सिंचाई करने का मामला प्रकाश में आया है। गौरतलब है कि शासकीय स्कूल में 22 मार्च को तीन सौ फीट गहराई का नलकूप खनन किया गया था, जिस पर 28 मार्च की शाम से किसान छेदी चन्द्राकर अवैध रूप से सबमर्सिबल पंप लगाकर लगाकर खेतों की सिंचाई करता रहा एवं मना करने पर भी नहीं माना। इसके बाद बाद प्राचार्य ने उक्त घटना को लेकर लिखित में जिला के कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विकासखण्ड एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित किया है। प्रभारी प्राचार्य रूपा चंद्राकर ने बताया कि 22 मार्च को ही स्कूल परिसर में नए बोर का खनन हुआ है, जिसमें किसान अवैध रूप से पंप लगाकर खेत की सिंचाई कर रहा है। इसकी शिकायत की गई है।

#### करेंगे कार्रवाई

मामले की जांच कर इस पर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

-डीएस राजपूत
विखं शिक्षा अधिकारी

#### मामला गंभीर

स्कूल के नलकूप में अवैध कब्जा करने का मामला गम्भीर है, तत्काल क्षेत्र के पटवारी को भेजकर कार्रवाई करने निर्देशित करेंगे।

-अजीत पुजारी, एसडीएम

### जिला न्यायालय में आयुर्वेदिक शिविर 1, 15 व 29 अप्रैल को

**मुंगेली।** आयुष विभाग द्वारा माह अप्रैल के प्रथम, तृतीय और पंचम मंगलवार 1 अप्रैल, 15 अप्रैल एवं 29 अप्रैल को जिला सत्र न्यायालय में आयुर्वेदिक व होमियोपैथिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य न्यायालय से जुड़े कर्मियों, अधिवक्ताओं और आगंतुकों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान करना है। वर्तमान समय में असंतुलित दिनचर्या, अनियमित खान-पान और बढ़ते मानसिक तनाव के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा और हृदय रोग जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं से बचाव एवं नियंत्रण के लिए इस शिविर में आयुष पद्धति के माध्यम से योग, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक व होमियोपैथिक उपचार तथा आहार संबंधी परामर्श दिए जाएंगे। जिला नोडल आयुर्वेद अधिकारी डॉ. पी.एस. ठाकुर ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, मधुमेह एवं अन्य स्वास्थ्य परीक्षण, योग एवं ध्यान सत्र, मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास, आयुर्वेदिक परामर्श, जड़ी-बूटियों, आहार एवं जीवन शैली में सुधार पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी देने विशेष शिविर

तखतपुर। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित है, साथ ही आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया निशुल्क है। इस योजना मे केंद्र सरकार का लक्ष्य 21 से 24 वर्ष के युवाओं को एक वर्षीय इंटर्नशिप के तहत ऑटमोटिव, एनर्जी, अधोसंरचना निर्माण जैसे 25 क्षेत्रों मे प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करना है। यह योजना युवाओं को औद्योगिक संस्थाओ मे वास्तविक जीवन के माहौल में प्रशिक्षण, अनुभव और कौशल प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी रोजगार क्षमता को बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। चयनित युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान 5 हजार प्रतिमाह की राशि तथा 6 हजार का वन टाइम जॉइनिंग ग्रांट भी मिलेगा। इस इंटर्नशिप योजना के आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातक है।


## पार्षद सुशील छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत सरगांव उपाध्यक्ष पद निर्वाचन में क्रॉस वोटिंग के लिए सरगांव नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सुशील यादव को तत्काल प्रभाव से छह वर्षो के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया। नगर पालिका परिषद मुंगेली में भी हुए क्रॉस वोटिंग को लेकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौपेंगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने संगठन को मजबूत करने और अनुशासन बनाए रखने के लिए एक और कड़ा कदम उठाया है। हाल ही में हुई विस्तारित बैठक के बाद उन्होंने पार्टी की छवि को धूमिल करने वाले, निष्क्रिय और लापरवाह पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला तेज कर दिया है। यह कदम उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशियों की हार और उस दौरान कुछ लोगों के गैर-जिम्मेदाराना रवैए को लेकर उठाया गया है, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा था। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देशों के अनुरूप संगठन में मजबूती लाने और अपने कर्तव्यों का पालन न करने वाले पदाधिकारियों पर सख्ती बरती जाएगी। इस दिशा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और हाल ही में राज्य के दौरे पर आए सह प्रभारी विजय जांगिड़ के मार्गदर्शन में कार्रवाई शुरू की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि पदभार ग्रहण करते ही मैंने संकेत दे दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराने के बाद ऐसे लोगों को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

घनश्याम वर्मा ने यह भी संकेत दिए कि जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के लिए नए पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लग सकती है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
छत्तीसगढ़ की विख्यात एवं अनुभवी
कैंसर सर्जन्स की टीम
बालको मेडिकल सेंटर में

डॉ. मऊ रॉय — MS, MCh — निदेशक- क्लीनिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. श्रवण नाडकर्णी — MS, FMAS, MCh — सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. दिवाकर पाण्डे — MS, Mch. DrNB — सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. अजीत अग्रवाल — MS, MCh — सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
डॉ. दीपांजन बिस्वास — MS, MCh — सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

डॉ. नूपुर प्रिया — MS (जनरल सर्जरी) — ब्रेस्ट एंड सर्जिकल ऑंकॉलोजी
डॉ. रश्मी राय — MDS-(मैक्सिलोफेशियल सर्जरी) FIBCSOMS-(हेड एंड नेक)
डॉ. दीपमाल्या चटर्जी — MS, MCh — प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
डॉ. इशिता कत्याल — MBBS, MS, Mch. DrNB — प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह — MS, DNB — ऑंको - ऑर्थोपेडिक सर्जरी
प्रसिद्ध कैंसर संस्थानों से प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम
• टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई • RGCI, नई दिल्ली • अड्यार कैंसर इंस्टीट्यूट, चेन्नई
• G.C.R.I., अहमदाबाद • मणिपाल अस्पताल, बेंगलुरु • अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, कोच्चि
• JIPMER, पुडुचेरी


100+ सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट
कैंसर का संपूर्ण इलाज एक छत के नीचे
• सभी प्रकार की कैंसर एवं रीकन्सट्रक्टिव सर्जरी
• पैट स्कैन, स्पैक्ट स्कैन, HDT, LDT थेरेपी
• कीमोथेरेपी, इम्यूनो थेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी
• रक्त-सम्बन्धी सभी बीमारियों एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट
• पैन एवं पैलिएटिव केयर • सूक्ष्म या न्यूनतम चीरा
• अत्याधुनिक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू)
• 24X7 लैब सेवाएं • ब्लड बैंक • फार्मेसी
• कॉल सेंटर • आपातकालीन सेवाएं
मध्य भारत का अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल
बीएमसी कैंसर डेकेयर - 1st फ्लोर, गंगा डायग्नोस्टिक्स, कलर्स मॉल के पास, धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
हॉस्पिटल - सेक्टर 36, नया रायपुर, छ. ग. 8282823333/4444 | www.balcomedicalcentre.com
छत्तीसगढ़ शासन, डॉ.खूबचंद बघेल योजना, आयुष्मान भारत, BSKY C.G.H.S. एवं सभी प्रमुख PSUs-Coal India (SECL), SAIL, SECR, CRPF ESIC, ECHS, NTPC, NMDC व बीमा कम्पनियों से अनुबंधित
ATUL

30- MAR- BSP- P-1 Extra Jacket_Layout 1 3/30/2025 11:23 PM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



**खबर संक्षेप**

## नवरात्र में जले आस्था के ज्योति कलश



**लोरमी।** हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्यौहार चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ रविवार से हो गया। नवरात्रि में माता की उपासना का विशेष महत्व है। इस वर्ष नवरात्रि नौ दिनों की जगह आठ दिनों की है। नवरात्रि की शुरूआत रविवार को और समापन भी रविवार को ही होगा। क्षेत्र सहित नगर के पहाड़ पर स्थित महामाया मन्दिर, काली माता एवं डोंगरिगढ की भुवनेश्वरी देवी, खुड़िया देवी, बाबाडोंगरी में मां कल्याणी देवी, वनक्षेत्र की त्रिशूला देवी की विशेष आराधना प्रारम्भ हुई। श्रद्धालु सुबह इन देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में दर्शन करने पहुंचे एवं संध्या काल में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराने पहुंचते रहे।

## शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित



**मुंगेली।** चैत्र नवरात्रि में शहर व आसपास के क्षेत्रों में स्थित सभी देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही। शहर के देवी मंदिरों में नवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों की भीड़ लगी रही। मंदिरों में शुभ मुहुर्त में देवी आराधना के साथ पहले मंदिरों में ध्वज चढ़ाया गया। पूजा पश्चात ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। क्षेत्र के मंदिर मां महामाया मंदिर सोनार पारा, मां काली मंदिर खर्रीपारा, मां अंगार मोती माता मंदिर पानी टंकी, शक्ति माई मंदिर पंडरिया रोड, हथनीकला मंदिर, दुर्गा मंदिर, बड़की महामाया दाऊपारा, महामाया मंदिर मल्हापारा, ठाकुरदेव मंदिर मलाईघाट सहित समस्त मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए। ग्राम संगवाकापा, देवगांव, सुरदा, देवरी, सुरीघाट, जमकोर में भी ज्योति कलश प्रज्वलित कर नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

# 23 हजार ज्योति कलश से जगमगाया महामाया मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

बासन्ती चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार होने के कारण मां महामाया देवी मंदिर सहित नगर के समस्त मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। महामाया मंदिर में रविवार को एक लाख से अधिक के भक्तों ने श्रद्धापूर्वक दर्शन किया। उल्लेखनीय है कि नवरात्र के पहले दिन मां महामाया के दरबार मे लाखों की संख्या में मातारानी के भक्तों ने शीश झुकाए। वहीं प्रदेश के अनेक दिग्गज नेताओं सहित तमाम अधिकारियों ने भी माता का दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ कमाया। नवरात्रि के पहले दिन ही रविवार को होने के कारण मंदिरों में भक्तजनों का सैलाब सा उमड़ पड़ा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन माता शैलपुत्री के रूप में मां महामाया देवी का दर्शन लाभ मिला। पहले दिन सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर घटस्थापना की गई। इस अवसर पर अनेक समाजसेवी संस्थाएं मन्दिर परिसर में पानी, शरबत एवं अन्य सामग्रियां बांटते हुए नजर आईं।

- नवरात्र के पहले दिन 1 लाख से ज्यादा भक्तों ने किया माता का दर्शन

मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा ने बताया कि बासन्ती चैत्र नवरात्र में इस वर्ष माता के भक्तों ने 23 हजार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं। इसमें घी के आजीवन 520 ज्योति कलश तथा तैल के 1260 आजीवन ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं, वहीं इस नवरात्र माता के भक्तों ने घी के 2520 मनोकामना ज्योति कलश एवं तेल के अठारह हजार सात सौ ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं।





### भैरव बाबा मंदिर में भक्तों की भीड़

तंत्र अधिष्ठाता भैरव बाबा मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओ की भारी भीड़ लगी रही। मन्दिर परिसर में स्थित शनि मन्दिर में भी लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर श्रद्धापूर्वक पहुंचते रहे एवं पुण्य लाभ लेते रहे। मन्दिर प्रबन्धक व पुजारी पं जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि श्री भैरव बाबा के भक्त अपनी अपनी मनोकामना लेकर दर्शन के लिए लगातार आ रहे हैं। भैरव बाबा मन्दिर में 11 सौ ज्योति कलश प्रज्वलित कराए है।

### मंगला गौरी मन्दिर

रतनपुर से आठ किलोमीटर दूर चपोरा मार्ग ग्राम पोंडी में विराजित माता मंगला गौरी मन्दिर में रविवार को नवरात्र के पहले दिन माता के भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। मन्दिर के श्रीमहंत पंडित रमेश शर्मा ने बताया नवरात्र के पहले ही दिन बड़ी संख्या में भक्त माता मंगला गौरी के दर्शन को पहुंचे। इसके साथ ही रानी मन्दिर, झिथरी माता मंदिर, काली मंदिर, शटवाई मन्दिर, गिरजाबंध हनुमान मंदिर, सिद्धि विनायक मन्दिर सहित नगर के सभी देव स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी लगी रही।

## महामाया मंदिरों में प्रज्वलित हुए मनोकामना ज्योति कलश



**पथरिया।** नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर पथरिया एवं महामाया मंदिर चोरभट्ठी में चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालु द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया। इसमें केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, उपमुख्य मंत्री अरूण साव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक सहित नगर के श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश प्रज्वलित कराया है। महामाया सेवा समिति पथरिया के सचिव बलराम जायसवाल, गयाराम डनसेना ने बताया कि महामाया मंदिर में 344 दीप प्रजवलित हुए हैं। इसी तरह नगर के चोरभट्ठी महामाया मंदिर में ज्योति तेल कलश 265 ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं।

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में लगी भक्तों की कतार



**सरगांव।** चैत्र नवरात्र की रौनक अब पूरे शहर में दिखाई दे रही है। नगर के मुख्य मंदिर मां महामाया मंदिर, मां धूमेश्वरी मंदिर में नवरात्र के पहले दिन भक्तों की कतार के लगी रही। इस बार नवरात्र 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाई जाएगी। विशेष बात यह है कि इस बार एक नवरात्र कम होगा और अष्टमी-नवमीं एक ही दिन पड़ेगी। बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आसपास के बाजारों में माता रानी की माला, चांदी के मुकुट और राजस्थानी लेस चुनरी की मांग विशेष रूप से बढ़ी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस बार पूजा सामग्री की कीमत बढ़ी है, इसके बावजूद श्रद्धालु माता रानी के पूजन और श्रृंगार सामग्री की खरीदारी से पीछे नहीं हट रहे हैं।

# नवरात्र के पहले दिन मां डिडनेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार





मंदिर में माता का दर्शन करते श्रद्धालु।

मां डिडनेश्वरी मंदिर मल्हार में बासन्ती चैत्र नवरात्र के पहले दिन रविवार को दोपहर अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना के साथ प्रथम ज्योत प्रज्वलित की गई। इस वर्ष 3 हजार से अधिक मनोकामना दीप प्रज्वलित हो रहे हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के भक्तों ने दीप जलवाए हैं। इसके साथ ही यहां केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व डिप्टी सीएम अरुण साव की भी मनोकामना ज्योति जल रही है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने जानकारी दी कि अन्य अनुष्ठानों के साथ देवी भागवत कथा शरू हुई जिसमें कथावाचक संतोष वैष्णव ने माता की संगीतमय कथा सुनाई। साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम में जसगीत, रामायण पाठ, कीर्तन भजन भी हुए। देवी भागवत मंच में वेदी पूजन के साथ कथा प्रारम्भ हुई। पंडित नरेश पांडेय ने दुर्गासप्तसती पाठ व अन्य सभी नवरात्र अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर के पुजारी कमल अवस्थी ने नवरात्र के पहले दिन शैलपुत्री के रूप में माता का विशेष पूजन कराया। संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सीपत तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन बाबत् सूचना**

क्रमांक/ /रा.नि./सीपत/2025
सीपत, दिनांक .../.../.....

प्रति, 1. सूरज सिंह पिता बी.एस. ठाकुर 2. राजेन्द्र 3. मुरली 4. ईश्वर प्रसाद 5. रामभरोस 6. इन्दा बाई 7. दुर्गा दास 8. राम गोपाल

विषय: सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका सूरज सिंह जाति राजपूत निवासी बिलासपुर तह. बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम बरेली प.ह.नं. 3 रा.नि.मं. सीपत तह. सीपत स्थित भूमि ख.नं. 210/2, 210/3, 210/4, 210/5, 222/2, 257/1 रकबा 0.061, 0.061, 0.061, 0.030, 0.162, 0.223 हे./ एकड़ का आवेदनानुसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्रमांक/तह./ना./ अति. तह./ वाचक/ 2025-26/ सीपत दि. 20.01.2025 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 01.04.2025 को समय 11 से 5 बजे किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अत: उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेजों केसाथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेजो के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सीपत**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412251800016/
अ-27/2024-25, ग्राम लौदा प.ह.नं. 07

**समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति,चितरेखा पुत्री केहर सिंह माथुर पति मेलाराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम काठाकोनी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर पिता केहर सिंह माधुर वगैरह जाति सतनामी निवासी ग्राम लौदा तहनील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लौदा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. लौदा तहसीन पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) अंतर्गत स्थित ख.नं. 204,82, रकबा क्रमश: 0.5630, 0.5340, हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेख आवेदक पक्षकार गण रोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर, मोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर, उमाशंकर माधुर पिता केहर सिंह माथुर, पुष्पराज माथुर पिता केहर सिंह, चितरेखा पुत्री केहर सिंह, रोहणी पुत्री केहर सिंह, मोहनी पुत्री केहर माथुर, मीना पुत्री केहर सिंह, के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है । वाद्भूमि का पूर्व में पारिवारिक बटवारा किया जा चुका है। जिसके सभी हिस्सेदार अपनी भूमि पर काविज काश्त है। जिसका पूर्व में हुए बटवारे के आधार पर विधिवत खाता विभाजन किये जाने जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 07/04/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412251800017/
अ-27/2024-25, ग्राम लौदा प.ह.नं. 07

**समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति,चितरेखा पुत्री केहर सिंह माथुर पति मेलाराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम काठाकोनी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर पिता केहर सिंह माधुर वगैरह जाति सतनामी निवासी ग्राम लौदा तहनील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लौदा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. लौदा तहसीन पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) अंतर्गत स्थित ख.नं. 90/3 रकबा क्रमश: 0.7370 हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेख आवेदक पक्षकार गण रोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर, मोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर, उमाशंकर माधुर पिता केहर सिंह माथुर, पुष्पराज माथुर पिता केहर सिंह, चितरेखा पुत्री केहर सिंह, रोहणी पुत्री केहर सिंह, मोहनी पुत्री केहर माथुर, मीना पुत्री केहर सिंह, के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। वाद्भूमि का पूर्व में पारिवारिक बटवारा किया जा चुका है। जिसके सभी हिस्सेदार अपनी भूमि पर काविज काश्त है। जिसका पूर्व में हुए बटवारे के आधार पर विधिवत खाता विभाजन किये जाने जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 07/04/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412251800018/
अ-27/2024-25, ग्राम लौदा प.ह.नं. 07

**समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस**

प्रति, चितरेखा पुत्री केहर सिंह माथुर पति मेलाराम सोनवानी जाति सतनामी निवासी ग्राम काठाकोनी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर पिता केहर सिंह माधुर वगैरह जाति सतनामी निवासी ग्राम लौदा तहनील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम लौदा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. लौदा तहसीन पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) अंतर्गत स्थित ख.नं. पिता 623/2 रकबा क्रमश: 0.2470 हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेख आवेदक पक्षकार गण रोहित माथुर केहर सिंह माथुर, मोहित माथुर पिता केहर सिंह माथुर, उमाशंकर माधुर पिता केहर सिंह माथुर, पुष्पराज माथुर पिता केहर सिंह, चितरेखा पुत्री केहर सिंह, रोहणी पुत्री केहर सिंह, मोहनी पुत्री केहर माथुर, मीना पुत्री केहर सिंह, के नाम पर संयुक्त खाते में दर्ज है। वाद्भूमि का पूर्व में पारिवारिक बटवारा किया जा चुका है। जिसके सभी हिस्सेदार अपनी भूमि पर काविज काश्त है। जिसका पूर्व में हुए बटवारे के आधार पर विधिवत खाता विभाजन किये जाने जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमे आगामी सुनवाई तिथि 07/04/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**




बिलासपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




विक्रम संवत हिन्दू नववर्ष, चैत्र नवरात्र, उगादी, गुड़ी पड़वा व चेट्रीचंड महोत्सव पर शहर में रविवार को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह से देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर घट स्थापना की गई। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए और माता का भव्य श्रृंगार किया गया। सिंधी समाज के आराध्य झूलेलाल जयंती पर शहर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिला-पुरूष सिर पर लाल टोपी लगाए सफेद परिधान में मौजूद रहें। इसमें जल-जंगल के सरंक्षण पर कई झांकियों को भी प्रदर्शित किया गया। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर विराट शोभायात्रा पुलिस ग्राउंड से निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गो से होकर हनुमान मंदिर तिलकनगर में समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में भगवा रंग पहना हर वर्ग नजर आया। श्रीराम की विशाल प्रतिमा ने इस यात्रा की अगुवाई की। इसके साथ राम व हनुमान भगवान की कई जीवतं झांकी इसमें बनाई गई थी। शहर में निकले इस शोभायात्रा का हर समाज व संस्था ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। जिसमें फूलों की वर्षा व भगवा गमछा पहनाकर लोगों का अभिनंदन किया।

### नवरात्रि पर पहले दिन देवी मंदिरों में पूजा , जयश्रीराम के जयघोष से शहर रहा भगवामय

# हिन्दू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा, सिंधी समाज ने मनाया महोत्सव




## पीतांबरा पीठ में देवी भागवत कथा प्रारंभ



श्री पीताम्बरा पीठ सुभाष चौक सरकण्डा स्थित त्रिदेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती के पाठ सहित देवी भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। 30 मार्च रविवार चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को निकाली गई कलश यात्रा सरकण्डा स्थित मानस मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, नूतन चौक होते हुए बघवा मंदिर के रास्ते से श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा एवं आरती कर स्वागत किया गया। इसके बाद पंचांग पूजन, यज्ञ मंडप प्रवेश, श्री मनोकामना घृत अखंड ज्योति कलश प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण, देव प्रतिष्ठा, दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी देवताओं का आह्वान किया गया। पीताम्बरा पीठ के कथा मण्डप में देवी भागवत कथा के अवसर पर पीताम्बरा पीठाधीश्वर डॉ दिनेश महाराज ने कहा कि सभी देवता मां पीताम्बरा बगलामुखी देवी की कृपा से संसार बनाते हैं और सफलता प्राप्त करते हैं। देवी भागवत में देवताओं पर देवी की कृपा सहयोग एवं सत्ता की चर्चा है। सभी प्रकार के पापों का देवी भागवत के श्रवण से नाश हो जाता है। मंदिर परिसर में रविवार से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा व्यास आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी राजपुरोहित कटघोरा कोरबा के श्रीमुख से श्रीमद् देवी भागवत का संगीतमय रसपान कराया जा रहा है। कथा 6 अप्रैल तक चलेगी।

## मंदिरों में दिन भर रही हलचल

शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार में देवी की पूजा कर घट स्थापना की गई। शहर व प्रदेश में शांति एवं भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने की भावना के साथ शुद्ध तिल के तेल से कलश जलाया गया। मंदिर के पुजारी पं. प्रपन्न मिश्रा ने बताया कि तिल के तेल को तिल से पेरवा कर निकलवाया जाता है ताकि शुद्धता बनी रहे। इसी तरह हरदेव लाल मंदिर, काली मंदिर तिफरा, सतबहनियां मंदिर बंधवापारा, दुर्गा मंदिर जरहाभाटा, शीतला मंदिर डीआईजी चौक, गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, प्रज्ञापीठ सरकण्डा, रेल्वे सहित अन्य देवी मंदिरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना कर देवी की आराधना की गई। दर्शन, पूजन करने दिन भर श्रद्धालु, भक्तों का तांता लगा रहा। इससे मंदिरों में दिन भर हलचल रही।





## दुर्गा सप्तशती की साधना व अनुष्ठान



मेडिटेशन हॉल सांई कृपा हास्पीटल में नवरात्रि पर बीज मंत्र दुर्गा सप्तशती की साधना व अनुष्ठान किया जा रहा है। साधक पुनित ढ़ढारिया ने बताया कि नवरात्र नौ दिन मनाए जाते हैं और नौ ही ग्रह हैं, नौ ही हमारी इन्द्रियां है, नौ ही उपनिषद है और नौ ही दुर्गा के रूप है। नवरात्र में मां दुर्गा की साधना, आराधना कर हम अपने को तंदुरुस्त, मन को प्रसन्न रखने के साथ सभी ग्रहों को अपने अनुकूल बना सकते हैं। इन नौ ग्रहों को अनुकूल कर शुभ फल प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सूर्य ग्रह के कमजोर रहने पर स्वास्थ्य लाभ के लिए शैलपुत्री की उपासना से लाभ मिलता है चंद्रमा के दुष्प्रभाव को दूर करने के लिए कुष्मांडा देवी की विधि विधान से नवरात्रि में साधना करें। इस मौके पर सेवा साधक प्रभा तिवारी, अन्नू गर्ग, अभिषेक सहित अन्य साधकों की उपस्थिति रही।



## नवयुवक दुर्गोत्सव समिति ने किया स्वागत




गोलबाजार नवयुवक दुर्गात्स्व समिति द्वारा इस वर्ष भी हिन्दु नववर्ष पर निकली शोभायात्रा का भव्य स्वागत गोलबाजार में किया गया। भगवान श्रीराम की प्रतिमा का भव्य महाआरती कर पूजन किया गया। फूलों से हर कोई का स्वागत किया गया। जयश्रीराम के जयकारों से हर कोई ने हिन्दु नववर्ष का पर्व बड़े उत्साह से मनाया। समिति के अध्यक्ष अर्पित केशरवानी ने बताया की समिति ने हिन्दुओं के नववर्ष व चैत्री नवरात्र के प्रारंभ पर इस शोभायात्रा का हर वर्ष भव्य स्वागत किया जाता है,इस बार जयघोष के साथ शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर संरक्षक राजेश पाण्डेय, गुड्डा पांडेय, महावीर ठाकुर,अमन गुप्ता,अंकित साहू, विनय ठारावानी, राहुल सराफ, राहुल साहू, श्यामल तिवारी, पुष्कर साहू,साहिल साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ निकली नववर्ष की शोभायात्रा



नववर्ष युगाब्द के अवसर पर शुभम्‌ विहार कल्याण समिति एवं अंकुश सपोर्ट एंड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में शुभम विहार कॉलोनी के सभी बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और मातृशक्ति के द्वारा नववर्ष के पावन पर्व पर शुभम्‌ विहार शिव मंदिर से 27 खोली हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकली गई। ललित अग्रवाल ने बताया कि पीला ,लाल,गेरूवा वस्त्र धारण किये श्रद्धालुओं पर स्वयंस्फूर्त जनता द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। रास्ते भर शंख ,घंटा ध्वनि,झांल मजीरा के आध्यात्मिक सुर से आकाश गुन्जायमान था। नववर्ष पर नशामुक्त भारत बनाने हेतु हिंदुओ के हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए युगाब्द 5127 की हिंदू दैनंदिनी का विमोचन भी किया गया। शोभायात्रा को सफल बनाने में अखिलानंद पांडेय, नरेंद्र गोपाल, सत्यनारायण पांडेय, हरि भाई पटेल, हेमंत पटेल,गुणवंत पटेल, राजन सिंह, राजेश शर्मा, उमेश पाण्डेय, निलेश अग्रवाल,भूपेन्द्र यादव, दीपक यादव, हृदयानंद पाण्डेय,संतोष तिवारी,डी पी सक्सेना ,एम एल बरसैया, आर पी मिश्रा, रितेश पटेल,ललित अग्रवाल, छगनलाल यादव, ह्रदयानंद पाण्डेय, आकाश शर्मा ,लता पटेल आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## ब्रह्माकुमारी डॉ. दामिनी के गीतों पर झूमे लोग



हम परमात्मा के पास स्वयं के जीवन का परिवर्तन करने आये। जब आप संपूर्ण रूप से समर्पित हो जाते है तो परमात्मा आपका प्रयोग विश्व सेवा के कार्य के लिये करते है। मै स्वयं गीतों के माध्यम से परमात्मा का संदेश देने निमित्त बनी। यह बाते ब्रह्माकुमारी डा. दामिनी ने शिव अनुराग भवन राजकिशोरनगर मे सैकड़ों जिज्ञासुओं के बीच कही। डॉ. दामिनी ने अपने अनुभव से कहा कि प्रतिदिन पुरुषार्थ का चार्ट रखने से स्वपरिवर्तन की प्रक्रिया तीव्र होती है।

# चेट्रीचंड्र पर सिंधी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सिंधी समाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, पूज्य सिंधी 16 वार्ड पंचायतों, सिंधी सेंट्रल युवा विंग एवं महिला विंग के संयुक्त तत्वावधान में चेट्रीचंड्र महोत्सव एवं समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

यह आयोजन समाज के नववर्ष के रूप में उत्साह व श्रद्धा के साथ किया गया। 12 किलोमीटर की यह शोभायात्रा सुबह बुधवारी बाजार से प्रारंभ होकर शहर के महत्वपूर्ण स्थलों से होते हुए सिंधी कॉलोनी भक्त कंवरराम नगर में समापन हुआ। इसमें बिलासपुर सिंधी समाज के सभी सदस्य विभिन्न झांकियों के साथ पैदल चलते हुए पूरे शहर से निकलें। इसमें श्री झूलेलाल की 15 फीट की मूर्ति को समाज के लोगों ने अपने हाथों से खींचते हुए गए। बिलासपुर सिंधी समाज के सभी वार्ड पंचायतों के परिवार एवं उनके सदस्य झूलेलालजी की विशाल प्रतिमा का दर्शन कर बहराणा साहिब का आशीर्वाद लिया। झूलेलाल की शोभायात्रा में समस्त बिलासपुर सिंधी समाज का सहयोग रहा।

### अमर ने स्वागत कर आशीर्वाद लिया

सिंधी समाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, पूज्य सिंधी16 वार्ड पंचायते, सिंधी सेंट्रल युवा विंग एवं महिला विंग के संयुक्त तत्वावधान में चेट्रीचंड्र महोत्सव एवं समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। बिलासपुर प्रमुख समाजसेवी अमर बजाज के अनुसार इसका शहर विधायक अमर अग्रवाल ने सदर बाजार में झूलेलाल जी बहराणा साहब की ज्योत से आशीर्वाद लिया।



### झांकियां रही दर्शनीय संदेशात्मक

शोभायात्रा में अन्य जिलों से ऑटोमेटिक मोटर से चलने वाली झांकियां तथा अन्य राज्यों से सजीव झांकियां दर्शनीय व आकर्षण की केंद्र रही। समाज को संदेश देने वाली झांकियां भी शामिल रही। इन झांकियों द्वारा यह संदेश दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं एवं जल बचाएं ताकि आने वाली पीढ़ी को मुसीबतों का सामना न करना पड़े। सिंधी समाज के संत भक्त कंवरराम की सजीव झांकी भी मनमोहक रहा।

## झूलेलाल की महाआरती कर समाज के लोगों ने किया सिंधी डांडिया



समाज के श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाए। संत कंवर राम अपने समय में भगत संगीत की जैसे प्रस्तुति देते थे वह भी पूरी जनता को चलती झांकी में देखने को मिली। झांकियों में सबसे पहले वॉटर टैंकर द्वारा रास्तों को धोकर झूलेलाल का बहराणा व प्रतिमा निकाली गई शोभायात्रा के सबसे अंतिम में साफ-सफाई की गाड़ी चली जो शोभायात्रा के निकलने के साथ रास्तों को साफ करती हुई चली।

30- MAR- BSP- P-4 extre_Layout 1 3/27/2025 6:04 PM Page 1






# पीएम मोदी ने किया जय जोहार, कहा- डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ की तकदीर और तस्वीर बदल रही



**बिल्हा के मोहभट्ठा मैदान में हजारों की भीड़ को जय जोहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने तीन बार भारत माता की जय के साथ जय मां महामाया और माता कर्मा की जय बोला। करीब पौन घंटे के अपने भाषण में उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य में बैठी भाजपा की डबल इंजन की सरकार संकल्प लेकर विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक पहुंचा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तो माता महामाया की धरती है। यह माता कौशल्या का मायका भी है। ऐसे में मातृशक्ति को समर्पित ये नौ दिन छत्तीसगढ़ के लिए बहुत विशेष रहते हैं।




## सभा की झलकियां

- राज्य भर के प्रत्येक विधानसभा से पहुंचे थे लोग, इसमें सरगुजा, बस्तर, जशपुर तक से लोग अपनी गाड़ियों से इस सभा में पहुंचे थे
- मध्यप्रदेश के रीवा से पहुंचे दामोदर उपाध्याय हू ब हू पीएम मोदी की शक्ल में पहुंचे थे, उन्होंने पीएम की आवाज में लोगों का अभिवादन भी किया
- पानी की समस्या से लोग परेशान होते रहे, टैंकर तो थे लेकिन वे पंडाल से काफी दूर थे इसलिए कई बार पानी को लेकर हंगामा भी मचता रहा
- गर्मी से लोग हलाकान होते रहे, 200 कूलर लगाए जाने की बात थी लेकिन किसी भी डोम में यहां तक की वीआईपी गैलरी में भी एक भी कूलर नजर नहीं आया
- कार्यक्रम में लोगों के मनोरंजन के लिए गीत संगीत की भी व्यवस्था थी, पद्मश्री अनुज शर्मा और उनके साथियों ने दो घंटे तक लोगों को बांधे रखा
- पूरे कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ मोदी मोदी के नारे लगाते रही, पीएम जब मंच पर आए तो उनकी एक झलक देखने के लिए लोग काफी उत्साहित रहे।
- आमसभा में अधिकांश लोग हाथों में मोदी के पोस्टर लेकर पहुंचे थे
- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया में चल रहे घिबली ट्रेंड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया
- सुरक्षा व्यवस्था के लिए बिलासपुर सहित प्रदेशभर से करीब 3 हजार जवान सभास्थल पहुंचे थे, एसपीजी की टीम ने कमान संभाली थी
- किसी भी व्यक्ति को बगैर जांच के सभास्थल पर प्रवेश नहीं दिया गया
- सभास्थल पर 1500 मेटल डिटेक्टर गेट लगाए गए थे जिनके माध्यम से जांच की गई
- इमरजेंसी के लिए दवाई, जलपान, सुलभ समेत सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है थी
- 50 एलईडी स्क्रीन की भी व्यवस्था थी, 100 एकड़ क्षेत्र में 9 अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए गए थे

## सरकार संकल्प लेकर विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक पहुंचा रही



### 131 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 131 पीएम श्री स्कूल की सौगात भी प्रदेश को दी। इसमें 34 स्वामी आत्मानंद स्कूल के साथ ही दो केंद्रीय विद्यालयों को भी पीएम श्री स्कूल के नाम से जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने दो प्रमुख शैक्षिक योजनाओं की घोषणा की। इनमें राज्य के 29 जिलों में 131 पीएम श्री स्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) शामिल हैं। योजना के मुताबिक पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत 131 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा।



### मुफ्त बिजली योजना से मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत बड़ी मात्रा में कोयला है, लेकिन आपको जरूरत भर की बिजली भी पहले नहीं मिल पाती थी। कांग्रेस के समय में बिजली की हालत खस्ताहाल थी। यहां बिजली के कारखानों पर उतना काम नहीं किया गया। आज हमारी सरकार नए बिजली कारखाने लगवा रही है। हम यहां सौर ऊर्जा से बिजली बनाने पर भी बहुत जोर दे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकार हर घर को सोलर पैनल लगाने के लिए 70-80 हजार की मदद दे रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी 2 लाख से ज्यादा परिवारों ने पीएम सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अपना रजिस्ट्रेशन करा दिया है। आप भी इस योजना से जुड़ेंगे तो आपको बहुत लाभ होगा।

### नई शिक्षा नीति के तहत शानदार काम हो रहा

पीएम श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जिस प्रकार नई शिक्षा नीति को लागू कर रहा है वो बहुत ही है। देशभर में 12 हजार से अधिक आधुनिक पीएमश्री स्कूल शुरू हो चुके हैं। इनमें 350 छत्तीसगढ़ में है। यह पीएमश्री स्कूल दूसरे स्कूलों के लिए आदर्श बनेंगे। राज्य की पूरी शिक्षा व्यवस्था का स्तर ऊपर उठेगा। छत्तीसगढ़ में दर्जनों मॉडल एकलव्य स्कूल पहले से ही शानदार काम कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में भी अनेक स्कूल फिर से शुरू किए गए हैं। आज छत्तीसगढ़ में विद्या समीक्षा केन्द्र की शुरुआत हुई है। पीएम ने कहा कि यह भी देश की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा कदम है। इससे स्कूलों में शिक्षा का स्तर और अच्छा होगा। क्लास में शिक्षकों की विद्यार्थियों को रिअल टाइम में मदद मिलेगी। पीएम ने कहा कि हमने आपसे किया एक और वादा पूरा किया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यहां हिन्दी में भी मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हो रही है। अब गांव-गरीब आदिवासी परिवारों के युवाओं के सपनों को पूरा करने में भाषा कोई बाधा नहीं बनेगी।

### 40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम शुरू

पीएम मोदी ने कहा कि यहां दूर-सुदूर के आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छी सड़कें पहुंच रही है। कई इलाकों में पहली बार ट्रेन पहुंच रही है। अभी मैंने यहां एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है। अभी यहां कहीं पहली बार बिजली पहुंच रही है। कहीं पाइप से पानी पहली बार पहुंच रहा है। कहीं नए मोबाइल टावर पहली बार लग रहा है। नए स्कूल-कॉलेज और अस्पताल बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां शत प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ में करीब 40 हजार करोड़ के रेल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इस साल बजट में छत्तीसगढ़ के लिए 7 हजार करोड़ की व्यवस्था भी की गई है। इससे छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों में अच्छी रेल कनेक्टिविटी की मांग पूरी होगी।

### तेजी से पूरी हो रही हैं गारंटियां

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी ने अनुभव किया है कि हमारी सरकार कितनी तेजी से अपनी गारंटियां पूरी कर रही है। छत्तीसगढ़ की बहनों से जो हमने वादा किया था, वो पूरा करके दिखाया है। किसानों को धान का दो साल का बकाया बोनस मिला है। बढ़े हुए एमएसपी पर धान की खरीदी की गई है। इसे लाखों किसान परिवारों को हजारों करोड़ रुपए मिले हैं। कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए, भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बैठाई है। हमारी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं करवा रही है। इस ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है।

### विकास के लिए बजट के साथ नीयत भी जरूरी

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। यह वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है और संयोग से यह साल अटल बिहारी बाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा भी संकल्प है कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम ने कहा कि आपने जो भाजपा को आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। पीएम ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जमकर भ्रष्टाचार किया है। विकास के लिए बजट के साथ-साथ एक नियत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो तो बड़े से बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासियों तक विकास नहीं पहुंच पाया।

### कांग्रेस ने कभी आपकी चिंता नहीं की

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा था क्योंकि यहां विकास का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पा रहा था और जो काम होते भी थे उसमें कांग्रेस वाले घोटाला करते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को कभी आपकी चिंता नहीं हुई। आपके जीवन की, आपकी सुविधाओं की, आपके बच्चों की चिंता हमने की। भाजपा विकास की योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव गांव तक ले जा रही हैं।



आमसभा के दौरान एक छात्रा मोदी की पेंटिंग लेकर खड़ी थी। इसे देखकर प्रधानमंत्री ने सुरक्षा कर्मियों के जरिये पेंटिंग को बुलवाया और छात्रा से कहा अपना नाम पता देना, जरूर पत्र लिखूंगा।




## पीएम मोदी के साथ वंदे भारत ट्रेन की बनाई सुंदर रंगोली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर पीएनएस कालेज एनएसएस की छात्रा मोना केंवट के नेतृत्व में वंदे भारत ट्रेन की सुंदर रंगोली बनाई गई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसमें साइंस कालेज एनएसएस की छात्राएं रुबीना रजा, अदिती कर्ष, रिचा निषाद, हितेश, मोनिश, पीएनएस कालेज की हेमलता कारपे, अनिल कुमारी, जेपी वर्मा कालेज की मनीषा साहू, ईशा पटेल, हीना निर्मलकर, आकांक्षा, चंद्रशेखर देवांगन, हेमंत आदि का सहयोग रहा।

## पीएम को देखने और सुनने पहुंचे युवा, बस्तर ओलंपिक के विजयी प्रतिभागी और लखपती दीदियां

■ **बस्तर में बदलाव और आर्थिक स्वावलंबन के लिए मोदी का जताया आभार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयोजित कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इस आयोजन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं का उज्ज्वल भविष्य देख रहा हूं। बस्तर ओलंपिक का सफल और शानदार आयोजन एक सुखद बदलाव का प्रमाण है। छत्तीसगढ़ संसाधनों, सपनों और सामर्थ्य से भरपूर है। आज से 25 वर्ष बाद जब हम छत्तीसगढ़ की स्थापना का 50वां वर्ष मनाएंगे तब छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से एक होगा। प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए युवा, बस्तर ओलंपिक विजयी प्रतिभागी, लखपति दीदियां, नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचित पदाधिकारी मोहभट्ठा पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान बस्तर ओलंपिक के विजयी प्रतिभागी अपने हाथों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तस्वीर को लहराते रहे और बीच-बीच में प्रधानमंत्री जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बस्तर ओलंपिक के प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। बीते सवा सालों में बस्तर के समग्र विकास और वहां के लोगों की बेहतरी के लिए डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में किए जा रहे कार्यों के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि नक्सल हिंसा कमजोर होने के बाद लोगों में उत्साह को बढ़ाने के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया। इसमें 1 लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें नक्सल हिंसा में अपना अंग गंवा चुके लोगों ने भी हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने दिसंबर में अपने मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की सराहना की और इसे बदलते हुए बस्तर का प्रतीक बताया था। प्रधानमंत्री की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं को आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में अब तक सवा दो लाख महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं। इस वित्त वर्ष में 10 लाख महिलाओं को लखपति दीदी की श्रेणी में लाने का लक्ष्य रखा गया है।

### जागता है नया विश्वास, जब प्रदेश में होते हैं नए विकास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर भी बदल रही है। उन्होंने कहा कि जब सुकमा जिले के एक स्वास्थ्य केन्द्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलता है, तो नया विश्वास जगता है। जब कई सालों बाद दंतेवाड़ा में फिर से स्वास्थ्य केन्द्र शुरू होता है, तो नया विश्वास जगता है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही प्रयासों के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति का नया दौर नजर आ रहा है। अभी दिसंबर में जब मन की बात हुई तब मैंने बस्तर ओलिम्पिक की चर्चा की थी। बस्तर ओलिम्पिक में जिस तरह हजारों नौजवानों ने हिस्सा लिया। वो छत्तीसगढ़ में आ रहे बदलावों का प्रमाण है। पीएम ने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के नौजवानों का एक शानदार भविष्य अपनी आंखों के सामने देख रहा हूं।



### सीएम ने किया सोशल मीडिया में स्वागत

इससे पहले पीएम मोदी के आगमन को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का छत्तीसगढ़ से आत्मीय लगाव है। यहां के लोगों की मेहनत, संस्कृति और परंपराओं को उन्होंने हमेशा सम्मान दिया है। माता कौशल्या की पुण्य भूमि, भांचा राम के ननिहाल, छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक स्वागत, वंदन और अभिनंदन!

## सीपत स्टेशन की स्थापित क्षमता 3,780 मेगावाट हो जाएगी

# 7 रेल प्रोजेक्ट की नींव रखी, सीपत में 800 मेगावाट के नए अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्लांट का शिलान्यास

एनटीपीसी सीपत सुपर थर्मल पावर स्टेशन के तीसरे चरण का रविवार को शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 मार्च को 800 मेगावाट की इस पिट-हेड विद्युत परियोजना की आधारशिला मोहभट्ठा के मैदान में आयोजित आमसभा के दौरान रखी। यह संयंत्र बिलासपुर जिले में मौजूदा सीपत पावर स्टेशन परिसर में बनेगा। इस परियोजना पर 9,791 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके शुरू होने से सीपत स्टेशन की कुल स्थापित क्षमता 3,780 मेगावाट हो जाएगी। इससे छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गोवा को बिजली आपूर्ति मजबूत होगी। इसके साथ पीएम मोदी ने 7 रेल प्रोजेक्ट की नींव रखी।

अधिकारियों के मुताबिक सीपत चरण-3 में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल होगा। इससे ईंधन की खपत घटेगी और प्रदूषण कम होगा। यह संयंत्र एनटीपीसी की पर्यावरण अनुकूल और उन्नत ऊर्जा समाधान रणनीति का हिस्सा है। एनटीपीसी इस परियोजना के साथ सामुदायिक कल्याण, सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा पर भी ध्यान देगा। इसके साथ ही प्रदूषण कम करने राखड़ से 1.50 लाख में ग्रीन हाउस 'सुख' बनाया जा रहा है। इसके तहत विश्रामपुर, दुग्गा और मणिकपुर की बंद खदानों में भराव के लिए समझौता किया गया है। ध्यान रहे कि एनटीपीसी सीपत पहला स्टेशन है, जहां राखड़ से बनी ईंट की डीलरशिप 4 एजेंसियों को दी गई।





### 7 रेलवे परियोजनाएं की रखी गई आधारशिला

पीएम ने 7 रेल प्रोजेक्ट की नींव रखी इसमें

1. खरसिया-झाराडीह (पांचवी लाइन) 6 किमी (लागत: 80 करोड़)
2. सरगबुदिया-मड़वारा नी (तीसरी एवं चौथी लाइन) - 12 किमी (लागत: 168 करोड़)
3. दाधापारा-बिल्हा-द गोरी (चौथी लाइन) 16 किमी (लागत: 256 करोड़)
4. निपनिया-भाटापारा- हथबंद (चौथी लाइन) 23 किमी (लागत: 347 करोड़)
5. भिलाई-भिलाई नगर-दुर्ग लिंक केबिन (चौथी लाइन)- 12 किमी (लागत: 233 करोड़)
6. राजनांदगांव-डोंगर गढ़ (चौथी लाइन) 31 किमी (लागत: 328 करोड़)
7. करगी रोड-सल्का रोड (तीसरी लाइन) 8 किमी (लागत: 95 करोड़)

### इन रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण

1. राजनांदगांव-बोरतलाव (तीसरी लाइन) 48 किमी (राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन परियोजना का भाग, कुल 228 किमी) (लागत: 747 करोड़) लाइन
2. नई रेल लाइन - मंदिर हसौद केन्द्री-अभनपुर 26 किमी (लागत: 353 करोड़)
3. दुर्ग-रायपुर (ऑटोमैटिक सिग्नलिंग) 37 रेल किमी (लागत: 88 करोड़)
4. छत्तीसगढ़ राज्य में शत-प्रतिशत रेलवे लाइन का विद्युतीकरण
5. मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ: अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ